Title: Demand to form a National Committee to celebrate the 2600th Birth Aniversary of Lord Mahavira.

डा. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : उपाध्यक्ष महोदय, आज से 2600 वर्ा पूर्व मुजफ्फरपुर वैशाली में बापू कुंड गांव में भगवान महावीर का जन्म हुआ था। वे जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे। मैं कहना चाहता हूं कि सरकार का संस्कृति विभाग और पर्यटन विभाग तैयारी शुरू करे कि भगवान महावीर की 2600वीं ज्यंती जानदार और शानदार ढंग से देश में मनाई जाए। 1956 में भारत रत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद, तत्कालीन राट्रपति, ने उनकी जन्म भूमि पर शिलान्यास किया था, लेकिन उसके बाद काम आगे नहीं बढ़ा। मैं सरकार का ध्यान आकृट करना चाहता हूं कि जहां से शांति का संदेश चला था और अहिंसा परमो धर्मः का संदेश विश्व भर में भगवान महावीर ने दिया था, उस महान पुरूा की ज्यंती जानदार और शानदार ढंग से मनाई जाए। सरकार इसके लिए राट्रीय समिति का गठन करे जो देश भर में भगवान महावीर की ज्यंती मनाने का प्रबंध करे।

उपाध्यक्ष महोदय : श्री राजो सिंह, श्रीमती कांति सिंह और डा. मदन प्रकाश जायसवाल भी अपने को इससे सम्बद्ध करते हैं।